डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया

कार्तिक कृष्ण पक्ष अमावस्या- 2082 सीहोर, दिन गुरूवार, दिनांक 20 नवम्बर 2025

न्यूज गैलरी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आज सिवनी प्रवास पर

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल आज गुरुवार को सिवनी, बालाघाट एवं छिंदवाड़ा प्रवास पर रहेंगे। खण्डेलवाल सिवनी में सुबह 10 बजे अपेक्षित श्रेणी की बैठक एवं 11.30 बजे लोर ग्रुप की बैठक लेंगे। दोपहर 3 बजे भाजपा जिला कार्यालय बालाघाट में एसआईआर की बैठक को के पश्चात कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। शाम 5 बजे स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित स्वदेशी मेलार में शामिल होंगे।

संविद नीति के विरोध में आज प्रदर्शन करेंगे कर्मी

भोपाल। राज्य शिक्षा केंद्र के सामने गुरुवार को संविदा कर्मचारी 22 जुलाई 2025 को सामान्य प्रशासन विभाग से जारी संविदा नीति के विरोध में घंटी, थाली, घण्टा, लोटा बजाकर प्रदर्शन करेंगे। मप्र संविदा अधिकारी कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधि रमेश सत्यार्थ ने बताया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा इसी शहर को लेकर जो मोबाइल जी गई थी उसके अनुसार आदेश जारी नहीं किए गए हैं। 20 नवंबर को संविदा कर्मचारियों द्वारा घंटी बजाई जाएगी और अधिकारियों को नींद से जगाया जाएगा।

सहकारी सप्ताह समापन समारोह आज

भोपाल। सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग 20 नवंबर को 72वां अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के समापन समारोह में शामिल होंगे। इसमें परिचालन क्षमता, पारदर्शिता और डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने विषय पर चर्चा होगी। यह समारोह अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के मद्देनजर आयोजित किया जा रहा है। अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता ने बताया कि समापन समारोह राजभवन, अपेक्स बैंक, भोपाल में सुबह 10 बजे से शुरू होगा।

विश्व शौचालय दिवस पर केंद्र के बाहर बनाई रंगोली

भोपाल। विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर बुधवार को नगर निगम द्वारा सभी शौचालयों में न सिर्फ विशेष साफ-सफाई की गई, बल्कि पिपलानी, शिवाजी नगर सहित शहर के अन्य क्षेत्रों में सुलभ जन सुविधा केंद्रों के बाहर रंगोली बनाई गई और परिसर को सजाया गया। इस अवसर पर सफाई मित्रों का सम्मान भी किया गया।

डॉ आरआर सेन बने नाई समाज के प्रदेशाध्यक्ष

भोपाल। पिछले दिनों भारतीय नाई समाज रजिस्टर्ड की एक महत्वपूर्ण बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट मनोज सिंह ने डॉ. आर. आर. सेन को मप्र प्रदेश का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया। साथ ही प्रदेश कार्यकारिणी में दो अन्य महत्वपूर्ण सचिव के रूप में रामसुंदर सेन व प्रदेश कोषाध्यक्ष के रूप में छोटेलाल सेन को मनोनीत सौंपा गया है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय संयोजक रामसखा भारिल, सुनील कुमार सेन सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे। संगठन ने यह भी घोषित किया कि मप्र प्रदेश राज्य की वृहद कार्यकारिणी का गठन शीघ्र ही किया जाएगा।

सत्यसाई बाबा का जन्म उत्सव 23 को

भोपाल। सत्यसाई सेवा संगठन द्वारा तुलसी नगर स्थित शांतिधाम में सत्यसाई बाबा जन्मोत्सव सप्ताह का आयोजन 23 नवंबर को किया जा रहा है। जन्मोत्सव सप्ताह के अंतर्गत

मुख्यमंत्री ने 83 करोड़ रूपए के 14 विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

प्रदेश को डायमंड स्टेट और टाइगर स्टेट का दर्जा दिलाने का श्रेय पन्ना को ,मुख्यमंत्री

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पन्ना की धरतीगर्भ भूमि किसी पहचान की मोहताज नहीं है। पन्ना ने खुद के साथ मध्यप्रदेश को भी गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि इन दिनों जहां देखो, उधर अपना पन्ना ही चमक रहा है। पन्ना की पुण्यधरा से निकलने वाले हीरे (हीरा) से मध्यप्रदेश पूरे विश्व में मशहूर हो रहा है। मध्यप्रदेश को डायमंड स्टेट और टाइगर स्टेट का दर्जा दिलाने का श्रेय भी पन्ना को ही जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पन्ना डायमंड को जीआई टैग मिलने पर जिलेवासियों को बधाई देते हुए कहा कि जीआई टैग ने पन्ना की पहचान पर अब वैश्विक मुहर लगा दी है। अब पूरी दुनिया वहां के हीरों को पन्ना डायमंड के नाम से ही जानेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पन्ना डायमंड अब एक ब्रांड के रूप में उभर रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव कुवार को पन्ना जिले की पाई विकासनगर क्षेत्र की बान पंचायत शाहनगर में हितग्राही सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहां करीब 83 करोड़ रूपए की लागत वाले 14 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इसमें 9 करोड़ रूपए की लागत से बनी नाला निर्माण एवं 74 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले 13 विकास कार्यों का भूमिपूजन शामिल हैं। इसकी जानकारी मुख्यमंत्री ने 4.25 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले पाई में निर्मित देवाल का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलन एवं पन्ना फूलन कर हितकारी सम्मेलन की शुरूआत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं नारायण भजन के साथ हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पहचान बढ़ेगी

मुख्यमंत्री की प्रमुख घोषणाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर रेडुआ में नवीन महाविद्यालय खोलने, बरियन ग्राम पंचायत शाहनगर को नगर परिषद बनाने तथा शाहनगर ब्लॉक में दो अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने करीब 135 करोड़ की लागत से टिकरिया-रीठी बाया डायरिया मार्ग का निर्माण, शाहनगर-बोरी-समरईया सड़क मार्ग के चौड़ीकरण सहित दुहने बांधों की नहरों का सर्वे कराकर मरम्मत एवं जीर्णोद्धार का काम कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पाई और शाहनगर महाविद्यालय में विधि और विज्ञान संकाय भी शुरू किया जाएगा तथा शाहनगर के 64 एमएम फीर से शुरू कराए जाएंगे।

पन्ना में 15 करोड़ की लागत से खजराहो बिजनेस पार्क तैयार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पन्ना के विकास को नई उड़ान देने के लिए राज्य सरकार पन्ना में 15 करोड़ की लागत से खजराहो बिजनेस पार्क तैयार कर रही है। यह पार्क पन्ना की अर्थव्यवस्था में एक नया अध्याय लिखेगा। इसके साथ बड़ामलहरा में 40 हेक्टेयर क्षेत्र में औद्योगिक पार्क का विकास जल्दी पूर्ण हो। वहीं से सब पहाड़ी एनएनसीसी परिसोजना को हमने पुनः प्रारंभ कराया गया है, जिससे बड़े स्तर पर हीरों का खनन एक बार फिर प्रारंभ हो चुका है।

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, सांसद गणेश सिंह, विधायक प्रणव पाठक, पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह लोधी, प्रणव प्रताप पाठक, नीलांशु चतुर्वेदी, श्री रिद्धेश्वर तिवारी, सदीप जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष पन्ना नीरज बाबे पटकर, नगर परिषद पवई के अध्यक्ष रमेश पटेल सहित जनप्रतिनिधि, कई संस्था से जुड़ी व्यक्ति एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

लोग डरकर भागे, सीसीटीवी के आधार पर पुलिस ने दो संदेही हिरासत में

बहरी छात्रों ने बना लिया गुट, तीन अलग-अलग गुट

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मिसरोद स्थित मेडिकल स्पॉट कैफे में मंगलवार शाम लोकलोड करने वाले युवाओं की पहचान कर ली गई है। उक्त मामले में आठ बहरे छात्रों को हिरासत किया गया है। दरअसल, कैफे संचालक के भाई के बीच में अपने गुट के साथ पिस्तौल एक छात्र की गौरीशंकर आवासीय परिसर के सामने बताया जिस्म में वे दिन पहले पिटाई लगा दी थी। करीब 40 से ज्यादा युवकों ने छात्र को पीटा था। सभी कार से उसकी तलाश करते हुए कटारा हिल्स के गौरीशंकर आवासीय परिसर गेट तक पहुंच गए थे। अपने साथ हुई मारपीट का बदला लेने छात्र ने बाहर से सेज यूनिवर्सिटी में पढ़ने आए छात्रों का सहारा लिया और मारपीट करने वाले युवक युवा की तलाश में रेस्टोरेंट पहुंचा था। जब आरोपी वहां नहीं मिला तो उसने अपने साथियों को रास्ता मिसरोद रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ कर दी।

पुलिस के अनुसार सलाम मोहम्मदी गंजीशीम ने रहता है और मिसरोद में मेडिक स्पॉट नाम से रेस्टोरेंट चलाता है। उसने पुलिस को घटना के साथ शिकायत करते हुए बताया कि रेस्टोरेंट पर मंगलवार शाम करीब 7 बजे दो दर्जन बदमाशों ने तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने पड़ताल की तो पता चला कि सलाम का भाई मोहित सेज यूनिवर्सिटी में पढ़ता है। उसका दोस्त अभिषेक राजपूत है। अभिषेक का कॉलेज में कटारा हिल्स स्थित रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ करते वीडियो।

योगी से विवाद हो गया। अभिषेक ने कॉलेज के छात्रों को इकट्ठा किया और गौरीशंकर आवासीय परिसर के बाहर उसकी पीट रोड पर खेली की पिटाई लगा दी।

योगी ने मारपीट की शिकायत कटारा हिल्स थाने में दो दिन पहले ही कराई थी। पुलिस ने घटनास्थल पर पूछताछ की तो पता चला कि अलग-अलग छह-सात कार में सवार होकर आए युवकों ने एक युवक के साथ मारपीट की थी।

आदिवासी संगठन बोले- संजय पाठक ने चार कर्मचारियों के नाम जमीनें खरीदीं चारों लापता, जांच की मांग

भाजपा विधायक पर 1135 एकड़ जमीन घोटाले का आरोप

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

कटनी के विजय राघवगढ़ से भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री संजय सांवेद पाठक पर 1135 एकड़ जमीन खरीदी घोटाले के आरोप लगे हैं। ये आरोप आदिवासी कांग्रेस, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी समेत आदिवासी संगठनों ने लगाए हैं। बुधवार को बड़ी संख्या में आदिवासी कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन किया। जिन आदिवासियों के नाम जमीनें खरीदी गईं, वे लापता हैं। उनकी सुरक्षा की मांग की है।

प्रदर्शनकारियों ने सरकार और भाजपा विधायक के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान पुलिस और आदिवासियों के बीच हल्की झड़प भी हुई।

जिलेवार जिले में खरीदी गई जमीन

प्रदर्शन करने पहुंचे दिग्विजय मिश्रा ने बताया कि ये जिलेवार आदिवासी जमीन घोटाले के मामले में पाल्या विधायक पर कार्रवाई की मांग को लेकर लोग हैं। मिश्रा का आरोप है कि विधायक ने अपने भाई कमलेश्वर पटेल, प्रभाकर कोल, राकेश सिंह गोंड, और राजाराम सिंह गोंड के नाम पर डिंडौरी जिले में करीब 1135 एकड़ जमीन खरीदी है।

जिलों से आदिवासी आयोग ने राजस्व कलेक्टरों से जमीनों के बारे में जानकारी मांगी है। आयोग ने कहा कि इन आदिवासियों के नाम पर जमीन कैसे और कब आई? कलेक्टरों ने आज तक इसका जवाब नहीं दिया।

लापता हो चुका बयान, पुलिस ने कार्रवाई नहीं की

सोशल कार्यकर्ता दिव्यांशु मिश्रा का आरोप है कि ये चारों आदिवासी, जिनका सारा फार्म के कर्मचारी हैं। जिनका होने के बाद से वे अपने घर से लापता हैं। उन्होंने कटनी एसपी को शिकायत शिकायत देते हुए लापता लोग जो सारा मामला था, लेकिन आज तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

तस्करी के विरुद्ध सतत एवं प्रभावी कार्रवाई, डेढ़ करोड़ रूपए की जब्ती

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा राज्य में नशे एवं अवैध मादक पदार्थों के तस्करी नेटवर्क पर प्रभावी नियंत्रण के लिए निरंतर विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। शासन निगरानी, खुफिया सूचना संकलन, तकनीकी विश्लेषण तथा लक्षित फील्ड कार्रवाई के माध्यम से पुलिस ने हाल ही में विभिन्न जिलों में उल्लेखनीय सफलताएँ दर्ज की हैं। इन कार्रवाइयों के दौरान करोड़ों रुपए मूल्य के ड्रोडापून, कोकीन, स्मैक, एम्फी तथा आइस शुगर पाला की गई है।

नीमच 522 किलोग्राम ड्रोडापून जब्त जिले की

सिंगोली पुलिस ने हाल ही में मादक पदार्थ तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक बोलेरो पिकअप वाहन से 522 किलोग्राम ड्रोडापून बरामद किया है। नाकाबंदी दौरान वाहन चालक द्वारा वाहन को तेज रफ्तार भगाने की कोशिश की गई, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल रोककर वाहन को रोका। इसी दौरान चालक फरार हो गया। कार की तलाशी लेने पर डिक्की बाक साई रेज की अंग्रेजी शराब की 34 कार्टूनों में शराब 806 लीटर शराब भरी मिली। इस पर जार और शराब जब्त किए गए। अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मप्र आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क, 34(2) के तहत केस दर्ज किया गया।

लगातार कार्रवाई होगी

सहायक आबकारी आयुक्त वीरेंद्र चावरे ने बताया कि टीम द्वारा लगातार अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की जा रही है। आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी।

जेल रोड पर देर रात गुंडागर्दी

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

भोपाल के गांधीनगर क्षेत्र में मंगलवार देर रात बदमाशों ने रोहीपुरा जेल रोड स्थित राजा भोज परिसर में उपद्रव मचाया। करीब रात 2 बजे छह अज्ञात बदमाशों का गिरोह परिसर में घुसा और वहां खड़ी दो गाड़ियों में तोड़फोड़ कर दी। घटना के दौरान दो बदमाशों के हाथ में बाकू भी दिखाई दे रहे हैं। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।

पुलिस के अनुसार बदमाश बुलेट पर सवार होकर आए थे और लगातार "बलेनो बलेनो" चिल्ला रहे थे। उनके निशाने पर बलेनो कार थी, लेकिन जानकारी न होने की वजह से उन्होंने सामने खड़ी अन्य गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचाया।

क्षतिग्रस्त वाहनों में महेश यादव की कार भी शामिल है। घटना से पीड़ित लोगों ने बताया कि जिन बदमाशों ने हमला किया, उनका उनसे कोई संबंध नहीं है और न ही किसी तरह की रंजिश है।

भोपाल में कार से मिली 3.56 लाख की शराब

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

भोपाल में एक कार से 3 लाख 56 हजार रुपए की अवैध शराब जब्त की गई। कार्रवाई आबकारी विभाग ने बुधवार सुबह की। इस दौरान एक युवक को रोककर मामला लिया।

आबकारी कंट्रोल आरजी भदौरिया ने बताया कि वाकडिया कला स्थित आकृति रिट्रीट कॉलोनी क्षेत्र में यह कार्रवाई कर 300 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की गई।

जब्त शराब के साथ आबकारी विभाग की टीम।

चेकबंदी कर की कार्रवाई

आबकारी विभाग की टीम ने कॉलोनी के पास चेकबंदी करते हुए एक कार को रोका। इसी दौरान चालक फरार हो गया। कार की तलाशी लेने पर डिक्की बाक साई रेज की अंग्रेजी शराब की 34 कार्टूनों में

शीतलहर 5 जिलों में पारा 8 डिग्री से कम

में उपदेश के मध्य हिस्से बाद प्रदेशभर में राहत

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

राजधानी सहित भोपाल संभाग के जिलों में ठंडक अधिक असर कर रही है। भोपाल में लगातार 12वें दिन बुधवार को रात का पारा 9 डिग्री के नीचे 7.8 डिग्री रहा, जो सामान्य से 6.6 डिग्री कम है। यहां सीनियर कोल्ड वेव रही।

एक दर्जन से अधिक जिलों में कोल्ड वेव का ए असर रहने से प्रदेशभर में कड़ाके की सर्दी का दौर जारी गुरुवार को 15 जिलों में कोल्ड वेव का अलर्ट, राजधानी में रहेगी तीव्र शीतलहर

बुधवार सबसे ठंडा . . पना भोपाल लगातार 12वें दिन

64 डिग्री पर 9 डिग्री के नीचे

जबलपुर	64 65
राजगढ़ नरसिंहगढ़	6. 6
इटारसी	9
शहडोल	77

शहडोल में ठंड से युवक की मौत

शहडोल। शहर में पिछले कई दिनों से न्यूनतम तापमान 62 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा रहा है। इसी कड़कने की ठंड के बीच लोतवाली क्षेत्र के वार्ड 30 कुड़ी मोहल्ला निवासी 45 वर्षीय बसंत सिंह की मौत हो गई। शॉर्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह सूचित हुई है कि मृत्यु की वजह ठंड है।

आज इन जिलों में शीतलहर चलेगी

गुरुवार को भोपाल, इंदौर, देवास, रीवा, राजपुर और राजगढ़ में शीतलहर का अलर्ट है। इससे पहले नरसिंहपुर, राजगढ़, इंदौर, राजपुर, सीहोर, खंडवा, खरगोन, शहडोल और जबलपुर में शीतलहर चली। राजगढ़ का दिन केल्ड डे दर्ज किया गया।

एमपी के हॉक फोर्स इंस्पेक्टर राजनादगांव में शहीद नक्सलियों से हुई

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ सीमा पर राजनांदगांव के जंगलों में नक्सलियों से हुई मुठभेड़ में एमपी हॉक फोर्स के इंस्पेक्टर आशीष शर्मा शहीद हो गए हैं। आशीष शर्मा नरसिंहपुर जिले के मोहारी के रहने वाले हैं। 2010 बैच के प्रोबेशन रूमांडर हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शर्मा को श्रद्धांजलि दी है। नीलेश रिपार्टस के मुताबिक छत्तीसगढ़ के बीजापुर इलाके से सटे कांपुर के जंगलों में गोलाबारी हो रही थी। इसी दौरान एमपी के इंस्पेक्टर को गोली लगी और वे शहीद हो गए। कांपुर के जंगलों में नक्सलियों की एमपी-छत्तीसगढ़ के

सुरक्षाबल की जॉइंट टीम नक्सल विरोधी ऑपरेशन पर निकली थी एमपी-महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर नक्सलियों के होने की सूचना मिलने के बाद ऑपरेशन शुरु किया गया। इस दौरान नक्सलियों से जैसे ही आमना-सामना हुआ दोनों तरफ से गोलाबारी शुरु हो गई। इस दौरान इंस्पेक्टर को गोली लगी। उन्हें जोगरगढ़ अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

सीएम ने दी श्रद्धांजलि

सीएम डॉ. मोहन यादव ने आशीष शर्मा को X पर श्रद्धांजलि देते हुए लिखा- आज मप्र हॉक फोर्स के निरीक्षक आशीष शर्मा नक्सलियों से मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त हुए। मैं उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की संयुक्त टीम द्वारा छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव के जंगलों में नक्सल विरोधी ऑपरेशन के दौरान उन्होंने अद्भुतपूर्व वीरता और साहस का प्रदर्शन किया।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | कार्तिक कृष्ण पक्षा अमावस्या- 2082 भोपाल, दिन गुरूवार, दिनांक 20 नवम्बर 2025

न्यूज गैलरी

नशामुक्ति जागरूकता

सीहोर। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने गत्रा मुक्त भारत अभियान के पांच वर्ष पूर्ण होने पर आष्टा में जिला स्तरीय नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें दीपा सांसद राहुल सिंह लोधी, मालवा जिला जनक नरेश गोयल, विधायक रोशन सिंह इंजीनियर सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। अनुसार में आयोजित राष्ट्र स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से जागरूक कर सामुदायिक भागीदारी बढ़ाना था। सभी को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

बीएलओ सम्मान

सीहोर। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ भूपसिंह और गजराज सिंह को निर्वाचन आयोग 19 नवंबर को भोपाल में सम्मानित करेगा। कलेक्टर बालागुरु के के नेतृत्व में चल रहे कार्यक्रम के दौरान दोनों ने घर-घर जाकर गणना पत्रक वितरित कर 100 बीएलओ ऐप पर अपलोड करने में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। आष्टा क्षेत्र में पुरुषान ने 96.80 और गजराज सिंह ने 94.65 डिजिटलीकरण कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। उनका कार्य टीमवर्क और तकनीक के प्रभावी उपयोग का उदाहरण है।

श्मशान में एक साथ दिखाई देंगे बाबा शिव, शव और शरीर

सीहोर। नदी हनुमान में एक साथ शिव, शव और शरीर दिखाई देंगे। शव लाने आलता उप मार्गमंत्री नागेश्वर सिंह से मिलन होगा और हर शव भगवान शिव के साथ होगा। शव यात्रा में शमशान मठ्ठवर्ग तथा हर शरीर वाली मनुष्य शिव सेवक की आराधना करेगा। इन्हीं गहन प्रतीकों आलम कल्याण की भावना के साथ बुधवार को नदी श्मशान घाट परिसर में भगवान शिव शंकर की आकर्षक ऐल की विशाल चंद्रमा शेषनाग वाली भव्य प्रतिमा का अनावरण शहर के वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नदी श्मशान समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश राठौर सहित पत्रकार बंधु जनप्रतिनिधि एवम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने भगवान महामृत्युंजय भोलेनाथ की विधिवत पूजा अर्चना की और आत्म कल्याण की प्रार्थना की।

इंदिरा गांधी की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित

सीहोर। कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता में इंदिरा गांधी की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर उपस्थित सभी कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा श्रीमती इंदिरागांधी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया एवं उनके बताये हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर राजीव गुजराती ने श्रीमती इंदिरा गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्र की सर्वोच्च चलने वाली इंदिरा जी ने अपने अटल निर्णयों, तेजस्वी नेतृत्व और साहसिक नीतियों से भारत को मजबूत, सक्षम और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभावशाली राष्ट्र बनाने का कार्य किया, उनकी दूरदर्शिता, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रसेवा की भावना आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करती रहेगी। भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री, अदम्य पराक्रम और लौह-इच्छाशक्ति की जीवंत मिसाल इंदिरा गांधी जी की जयंती पर उनको सत् सत् नमन।

लापरवाही स्थानीय ग्रामीण दहशत में, प्रशासन की चुप्पी चिंताजनक

कोलार डैम में रिसाव, हजारों लोगों की जिंदगी दांव पर, विभाग का दावा: यह बारिश का पानी

डैम के आसपास रहने वाले ग्रामीणों में भय और चिंता का माहौल व्याप्त है। पिचले हिस्से में बसे कई गांवों की आबादी हजारों में है और वे सीधे तौर पर इस संभावित खतरे की जद में हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार अब तक कभी डैम से बाढ़ जैसी कोई गंभीर स्थिति नहीं बनी और न ही कोई बड़ा हादसा हुआ।

डीआर संवाददाता»सीहोर

एक तरफ मध्य प्रदेश सरकार प्रदेश के 90 बांधों का सेफ्टी ऑडिट करवाने के निर्देश दे रही है, वहीं जिले के कोलार डैम की जमीनी हकीकत सरकारी दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। जिले के जीवनरेखा माने जाने वाले कोलार डैम के पिछले हिस्से में अवैध खनन गतिविधि फिर से शुरू हो गया है, जो किसी बड़े हादसे का संकेत माना जा रहा है। इस रिसाव से डैम के नीचे बसे हजारों ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है और उन पर संभावित जलप्रलय का गंभीर खतरा मंडरा रहा है। दूसरी ओर कोलार परियोजना के एई ने दावा किया है कि डैम से रिसाव नहीं, बल्कि बारिश का पानी है, जो नवंबर महीने तक होता है।

जानकारी के अनुसार कोलार डैम की कुल जल संग्रहण क्षमता 266 मिलियन क्यूबिक मीटर है। इतनी बड़ी क्षमता वाले डैम में रिसाव की शुरुआत होना बेहद चिंताजनक है। हैरानी की बात यह है कि जल संसाधन विभाग के अधिकारी लगातार यह दावा कर रहे हैं जो डैम पूरी तरह से सुरक्षित है, उसकी स्थिति अच्छी है और सेफ्टी ऑडिट भी पूरा हो चुका है।

पिचले हिस्से से रिस रही धार

नीचे की स्थिति में डैम के पिछले हिस्से से रिसते हुए पानी की तेज धारें इन सारी सरकारी दावों पर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं। यदि यह रिसाव तेजी से बढ़ा और डैम की संरचना को गंभीर क्षति हुई, तो पिचले इलाकों में बसे कई गांवों में विनाशकारी बाढ़ आ सकती है।

40 साल में पहली बार दिखा ऐसा रिसाव

डैम के आसपास रहने वाले ग्रामीणों ने भय और चिंता जाहिर व्यक्त की। पिचले हिस्से में बसे कई गांवों की आबादी हजारों में है और वे सीधे तौर पर इस संभावित खतरे की जद में हैं।

लोगों के अनुसार अब तक कभी डैम से बाढ़ जैसी कोई गंभीर स्थिति नहीं बनी और न ही कोई बड़ा हादसा हुआ। एक बुजुर्ग ग्रामीण ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए बताया में पिछले 40 साल से इस डैम को देखता आ रहा हूं, लेकिन ऐसा तेज रिसाव मैंने पहली बार देखा है। इसे देखकर लग रहा है कि भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

ग्रामीणों की मांग, तुरंत हस्तक्षेप करे प्रशासन

ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि प्रशासन को तुरंत स्थिति का जायजा लेना चाहिए, पैसाव को रोकने के लिए आपातकालीन कदम उठाने चाहिए और सबसे महत्वपूर्ण डैम की वास्तविक स्थिति को सार्वजनिक करना चाहिए ताकि स्थानीय लोग संभावित खतरे के लिए तैयार रह सकें।

बारिश का पानी है

कोलार डैम से रिसाव नहीं हो रहा है। लगातार पिछले 40 दिनों से बारिश का पानी है, जो नवंबर तक निकलता है। डैम से रिसाव नहीं हो रहा है।

अशोक कुमार गुप्ता, एई कोलार ब

ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से दो की मौत,

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर जिले के इछावर क्षेत्र में बुधवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इछावर थाना क्षेत्र के पुराडी गांव के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

मरने वालों की पहचान सरकारी शिक्षक हनुमत सिंह कुईके और उनके साथी ज्ञान सिंह के रूप में हुई है। दोनों बाईकलेश की ओर जा रहे थे, तभी सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से बाइक ने लापरवाही से वाहन को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

हादसे की खबर लगते ही इछावर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग पर स्पीड ब्रेकर और चेतावनी बोर्ड न होने के कारण लगातार दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर सुरक्षा इंतजामों की अनदेखी की वजह से आए दिन जानलेवा हादसे सामने आ रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से तुरंत व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

400 सागौन की अवैध सिल्लियां जब्त

डीआर संवाददाता»बिलकिसगंज

सीहोर जिले के दूरस्थ ग्राम सिलगहना में वन विभाग की टीम ने आज अचानक सर्चआई की। इस दौरान नर्मदापुरम वन विभाग के विशेष उड़न दस्ते ने लगभग 400 सागौन की अवैध सिल्लियां जब्त कीं। यह सर्चआई गोपनीय तरीके से की गई।

जानकारी के अनुसार, सीहोर जिले के कुरवाई क्षेत्र में घने जंगल हैं, जहां इनकी लकड़ी की अवैध कटाई और तस्करी की खबरें अक्सर सामने आती रहती हैं। हालांकि, सीहोर वन स्थानीय वन विभाग इन मामलों में अक्सर कार्रवाई नहीं करता है।

इसी पृष्ठभूमि में नर्मदापुरम वन विभाग द्वारा गठित विशेष टीम ने शिलगहना गांव में यह छापा मारा। यह गांव सीहोर जिला मुख्यालय से लगभग 138 किलोमीटर दूर स्थित है। जब्त की गई लकड़ी की गहन जांच अभी और चल रही है।

फांसी लगाने के पहले घर पर बताया कि वह मरने जा रहा है

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर में 108 एम्बुलेंस के कर्मचारी ने फांसी लगाने के पहले घर पर बताया कि वह मरने जा रहा है। उसके कहने के बाद भाई उसे ढूंढ़ता रहा लेकिन वह नहीं मिला। काफी समय बाद उसका शव एक पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका मिला। मामला इछावर थाना क्षेत्र में बुधवार का है।

ओमप्रकाश रोन (35) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह आंवा का निवासी था। सूचना मिलने पर इछावर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

इछावर में तहना का बुजुर्ग ओमप्रकाश इछावर में रहता था और 108 एम्बुलेंस में ईएमटी (इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन) के पद पर कार्यरत था। यह घटना इछावर थाना क्षेत्र के पिछोली रोड पर हुई। जानकारी के अनुसार, आत्महत्या करने से पहले ओमप्रकाश ने अपने घर पर बताया था कि वह मरने जा रहा है। उसका भाई उसे ढूंढ रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और जांच जारी है। आत्महत्या के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है, जो पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, असामाजिक तत्वों पर हो कड़ी कार्रवाई: अनोखीलाल मालवीय

डीआर संवाददाता»सीहोर

बहुजन समाज पार्टी जिला सीहोर द्वारा अनोखी लाल मालवीय जिला प्रभारी सीहोर के नेतृत्व में कलेक्टर सीहोर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि सीहोर में लगातार असामाजिक तत्वों द्वारा गंभीर घटनाओं का अंजाम दिया जा रहा है। उसी क्रम में दिनांक 17 नवम्बर 2025 को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा प्रदेश परिहार एवं उनकी पिता मिथिली जी, अंबेडकर नगर गंज सीहोर के साथ मारपीट की गई। अगर यहां पुलिस कर्मचारी और स्वास्थ्य विभाग के कुछ कर्मचारी बचाव नहीं करते तो बड़ी घटना घटित हो सकती है। सामाजिक संस्थाओं में पहले चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर राजीव गुजराती ने श्रीमती इंदिरा गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्र की सर्वोच्च चलने वाली इंदिरा जी ने अपने अटल निर्णयों, तेजस्वी नेतृत्व और साहसिक नीतियों से भारत को मजबूत, सक्षम और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभावशाली राष्ट्र बनाने का कार्य किया, उनकी दूरदर्शिता, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रसेवा की भावना आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करती रहेगी। भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री, अदम्य पराक्रम और लौह-इच्छाशक्ति की जीवंत मिसाल इंदिरा गांधी जी की जयंती पर उनको सत् सत् नमन।

धनखोड़ी पंचायत में अनियमितताओं का खुलासा: 10 साल पुराना प्रतीक्षालय बेचकर तोड़ा

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर जिले की ग्राम पंचायत धनखोड़ी चांदखेड़ी के सरपंच और सचिव पर सामग्री में गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों ने जिला पंचायत सीईओ को लिखित में शिकायत की है। इसमें कहा गया है कि पंचायत पदाधिकारियों ने सार्वजनिक संपत्ति का गलत उपयोग किया और कई नियमों का उल्लंघन किया है।

10 साल पुराने प्रतीक्षालय को बिना किसी सूचना के बेचा, फिर 'फर्जवाड़े' प्रावधान लगाया

शिकायत के अनुसार, पंचायत में बना पक्का पानी प्रतीक्षालय बिना किसी प्रक्रिया के एक व्यक्ति को बेच दिया गया। प्रतीक्षालय करीब 10 वर्ष पुराना था और अच्छी स्थिति में था। जब ग्रामीणों ने इसकी शिकायत की तो पंच सचिव ने पंचायत ने प्रतीक्षालय को 'फर्जवाड़े' दिखाकर तोड़ना दिखाया।

शिकायत में कहा गया है कि पंचायत ने प्रतीक्षालय को 'फर्जवाड़े' दिखाकर तोड़ना दिखाया। अब उसी जगह नई पक्की दुकानें बनाने का प्रस्ताव पास किया गया है, जिन्हें पहले से जुड़े खरीदारों को आवंटित करने की तैयारी है।

वित्तीय अनियमितताओं के आरोप

ग्रामीणों ने कहा कि पंचायत द्वारा 20 मुख्य कार्य पहले निर्मित चार दुकानों को किराए पर दिया गया है, लेकिन:

नियमित 10% वार्षिक किराया वृद्धि का रिकॉर्ड नहीं है

किराए की वास्तविक राशि पंचायत खाते में नहीं जाती

आरोप है कि पूरा किराया पंचायत और सचिव स्वयं ले रहे हैं

इसके अलावा, पंचायत द्वारा बनी नाली को घटिया निर्माण बताते हुए कहा गया कि उसके आदेश भी अब मौजूद नहीं हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम सभा की बैठकें कब होती हैं, इसकी जानकारी उन्हें नहीं मिलती। कई मामलों में फर्जी हस्ताक्षर कराकर प्रस्ताव पास किए जा रहे हैं।

हाट बाजार और ग्रामीण आजीविका पर खतरा

शिकायत में यह भी कहा गया है कि जिस जगह दुकानें बनाई जा रही हैं, वह भूमि क्यों बेचकर लिए उपयोग होती रही है। यदि यहां दुकानें बनती हैं, तो हाट बाजार खत्म हो जाएगा और ग्रामीणों की आजीविका पर भारी असर पड़ेगा।

ग्रामीणों ने जिला पंचायत से इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

एसआई सर्वे तेजी से कार्य के लिए बीएलओ को किया प्रोत्साहित

एसआईआर प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसमें लापरवाही न बरती जाए - कलेक्टर

डीआर संवाददाता»पंचहा

सीहोर जिले में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को समयबद्ध और प्रभावी रूप से पूर्ण कराने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बालागुरु के के ग्राम बिलकिसगंज, बरखेड़ी, पिपलिया नोरा, बिजलीन और खेड़ली सहित कई मतदान केंद्रों पर चल रही एसआईआर प्रक्रिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीएलओ द्वारा घर घर जाकर किए जा रहे गणना पत्रक वितरण, संकलन एवं बीएलओ ऐप पर अपलोड की स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

कलेक्टर बालागुरु के ने सभी बीएलओ से चर्चा कर प्रगति की जानकारी ली और उन्हें निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने बीएलओ से कहा कि एसआईआर प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसमें लापरवाही न बरती जाए। इस दौरान उन्होंने उन क्षेत्रों में भी वास्तविक स्थिति देखी आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यालय पर अनुपस्थित बीएलओ एवं संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देने के लिए कहा। उन्होंने कहा सभी बीएलओ एवं संबंधित अधिकारी समय पर अपने कार्यस्थल पर उपस्थित हों और एसआईआर कार्य की प्राथमिकता दें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने यह भी बताया कि जिले की एसआईआर प्रगति लगातार बेहतर हो रही है, लेकिन इसे और तेज करने की आवश्यकता है ताकि मतदाता सूची का अद्यतन कार्य समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जा सके।

उन्होंने बीएलओ को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जिले के कई बीएलओ अपने उत्तर कार्य के कारण राज्य स्तर पर सम्मानित हुए हैं जो अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

पांच अलग-अलग स्वरूप में स्थापित होगी भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमा

डीआर संवाददाता»सीहोर

नगर में स्थित प्राचीन श्री ओसवाल जैन मंदिर बस्ता लाइन छावनी का पुनर्निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। शहर के बीचों-बीच सफेद मार्बल के पत्थरों से बना यह मंदिर आकर्षण का केंद्र बन गया है। इसी महीने 26 से 30 नवंबर के बीच यहां भगवान श्री मनमोहन पार्श्वनाथ की पुनः प्रतिष्ठा होगी। इसकी तैयारियां श्रीसंघ जैन समाज में। अभी भगवान की मूर्तियों को कपड़े में लपेटा एक भवन में रखा गया है। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में देशभर से श्रीसंघ जैन समाज के लोग सम्मिलित होंगे। छावनी ओसवाल मंदिर बन गया जैन तीर्थ प्राचीन श्री ओसवाल जैन मंदिर छावनी में मनमोहन पार्श्वनाथ भगवान की मनोरम चमत्कारिक मूर्ति कई वर्षों से विराजित थी। मंदिर के निर्माण के लिए कई साल पहले भामाशाह दानदाता सरदारमल जी जैन ने जमीन का दान किया था।

डीआर सीहो

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | कार्तिक कृष्ण पक्ष,अमावस्या- 2082 | भोपाल,दिन गुरूवार,दिनांक 20 नवम्बर 2025

न्यूज गैलरी

कथा सुनने से नष्ट होते हैं विकार , पं. रामकृष्ण

जावर। दरसेल गांव में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन कथा वाचक पंडित रामकृष्ण उपाध्याय शास्त्री ने कहा कि भागवत कथा सुनने से जन्म-जन्मांतर के विकार नष्ट होते हैं। सही और गलत को समझने की शक्ति मिलती है। इससे मनुष्य का आध्यात्मिक विकास होता है। उन्होंने कहा कि मंदिर जाने का कारण जानना जरूरी है।मंदिर में कभी भी खाली हाथ नहीं जाना चाहिए। जैसा फल चढ़ाओगे, वैसा ही फल मिलेगा। मन में जैसे भाव होंगे, वैसे ही परिणाम मिलेंगे। हमेशा सकारात्मक सोच रखनी चाहिए। रात्रि में भगवान देवनारायण की कथा भी हो रही है। कथा सुनने के लिए दरसेल गांव के अलावा आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। श्रीमद् भागवत कथा 14 नवंबर से शिव शक्ति आश्रम ऋषि मंदिर प्रांगण में चल रही है। इसका समापन गुरुवार 20 नवंबर को शोभायात्रा मंडपे के साथ होगा।

ब्लॉक कांग्रेस ने इंदिरा गांधी को किया याद

आष्टा। ब्लॉक नगर कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती स्थानीय कम्युनिटी हॉल में मनाई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने इंदिरा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र सोनकुशवाहा ने कहा, इंदिरा गांधी ने 1969 में 14 बड़े बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया। इससे गरीबों और कमजोर वर्ग को आसानी से ऋण मिलने लगा। देश की आर्थिक नीतियों में नया अध्याय जुड़ा। उन्होंने गरीबी हटाने के लिए कई कार्यक्रम शुरू किए। इनका उद्देश्य गरीबों का जीवन स्तर सुधारना और उन्हें मुख्यधारा में लाना था।

देर रात तक गूंजती रहीं कविताएं, डटे रहे श्रोता

आष्टा। नगर के न्यू बस स्टैंड स्थित कम्युनिटी हॉल परिसर में घनश्याम जांगड़ा मित्र मंडल ने अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया। सार्थ हजारों के बीच देर रात तक चले इस कार्यक्रम में कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को बांधे रखा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक हीरेंद्र पटेल रहे। अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने की। विशेष अतिथि के रूप में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र ठाकुर, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुन्नाबाई ठाकुर मौजूद रहीं। अतिथियों का साफा पहनाकर, पुष्पमालाएं और प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। देवास से आए स्थानीनाम कवियों, कवयित्रियों, शायरों और शायरों का भी पुष्पमालाएं पहनाकर सम्मान किया गया। समिति के फैज उद्दीन, तौफीक बाबा और नसीब शाह ने सभी का स्वागत किया।

सांसद खेल महोत्सव

इछावर। बुधवार को सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत गंजीवाड़ा खेल मैदान पर आयोजित ब्लॉक स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, सीएमओ डॉ. धर्मराज यादव, जिला खेल अधिकारी रुक्मिल दीवान उपस्थित थे। प्रतियोगिता में नगर एवं ग्राम पंचायत की 12 टीमों ने भाग लिया।

विरोध किया | चुपाड़िया की महिलाओं ने शराब ठेका बंद कराने की मांग रखी

विधायकजी! माहौल खराब हो गया, गांव के बीच से हटवाइए शराब का ठेका

डीआर संवाददाता>>जावर

गांव चुपाड़िया की महिलाओं ने बुधवार को जनसुनवाई में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर से गांव के बीच स्थित शराब ठेके को बंद कराने की मांग की। सरपंच सुमित्रा बाई के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाएं विधायक कार्यालय पहुंचीं। महिलाओं ने बताया कि ठेके के कारण गांव का माहौल लगातार खराब हो रहा है। पुरुष दिनभर शराब पीकर नशे में घर आते हैं और महिलाओं-बच्चों से मारपीट करते हैं। महिलाएं मेहनत-मजदूरी कर कमाया हुआ पैसा भी पुरुष शराब और जुए में उड़ा देते हैं, जिससे परिवारों की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है।

महिलाओं ने कहा कि शराब ठेके पर देर रात तक गंदा माहौल रहता है। नशे में धुत लोग महिलाओं और बच्चियों से छेड़छाड़ करते हैं। कई बार ग्रामीणों के बीच मारपीट और झगड़े भी हो जाते हैं, जिससे पूरे गांव में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। महिलाओं ने अनुरोध किया कि गांव की सुरक्षा और सामाजिक वातावरण के लिए ठेका हटाया जाएगा है। महिलाओं की बात सुनकर विधायक ने एसडीएम को निर्देश दिए कि समस्या का समीक्षा कर अध्ययन कर जल्द समाधान प्रस्तुत करें।

"हर कृषक जनसुनवाई, कई समस्याएं रखीं गईं"

विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर हर कृषक शुक्रवार 10 बजे से जनसुनवाई करते हैं। इस बार भी बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। उन्होंने आर्थिक सहायता, ट्रांसफार्मर लगाने, सम्बुसकली मोहाल में नाला निर्माण, भूसा रखने के लिए टीनशेड स्वीकृति, बैंक ऋण वसूली में समय वृद्धि, बीपीएल कार्ड बनवाने, समय पर बिजली न मिलने, प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति, विद्युत सहायक के स्थानांतरण, जल आपूर्ति के लिए टैंकर उपलब्ध कराने सहित कई समस्याएं रखीं।

विधायक ने सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को भेजकर अधिकारियों को मौके से ही निर्देश दिए कि समस्याओं का समय पर और पारदर्शी समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा करना जनता धर्म है और शासन स्तर की मांगों को प्राथमिकता के साथ सरकार तक पहुंचाया जाएगा।

ग्राम वासियों ने प्रशासन से की अवैध शौचालय,

डीआर संवाददाता>> सीहोर

पनारिया हाट में सर्वजनिक सड़क पर किए गए विशेष धर्म के लोगों के द्वारा अतिक्रमण के कारण सांप्रदायिक विवाद के हालात बने हुए है। जनसुनवाई में पहुंचकर ग्रामीणों ने सरकारी शौचालय और भूंडी को हटवाने की मांग की है। अतिक्रमण कर सड़क को संकरा कर दिया गया है। गांव में दो रोज लड़ाई झगड़ों की स्थिति निर्मित हो रही है। सरपंच ने भी इस मामले में हाथ खड़े कर दिए है।

कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि रास्ते के किनारों पर गांव के अज्ञात पिता पीर खां, चांद खां पिता जुम्मा खां ने सुलभ आपातकाल को अवरुध कर दिया है ग्रामवासियों की आपत्ति के बावजूद शौचालय व दीवार का निर्माण सड़क पर ही कर लिया है सड़क पर चबूतरा बनाकर अतिक्रमण कर अवैध निर्माण कर लिया है। पंचायत भी सड़क के दोनों तरफ नाली का निर्माण करना चाहती है लेकिन अतिक्रमण के कारण काम शुरू नहीं हो पा रहा है। पंचायत भी अतिक्रमणकारियों का अतिक्रमण नहीं हटवा पा रही है जिस कारण प्रति दिन ग्राम के वाहन चालकों किसानों से ईंटे, पत्थर, शौचालय दीवार से वाहन टकराने पर अतिक्रमणकर्ता अकरम पिता पीर खां, चांद खां पिता जुम्मा खां मारपीट कर रहे है। ग्रामवासियों के द्वारा आष्टा एसडीएम तहसीलदार को भी इस मामले में लिखकर भी कई है लेकिन अधिकारी इस तरफ ध्यान देने को तैयार नहीं है।

भारत निर्वाचन आयोग की निदेशक ने की एसआईआर प्रगति की समीक्षा

डीआर संवाददाता>>सीहोर

भारत निर्वाचन आयोग की निदेशक श्रीमती शुभा ताकरोना एवं सचिव श्री विनोद कुमार ने सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों तथा अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित कर विशेषकर एसआईआर कार्य की प्रगति की समीक्षा की। राजधानी के सैनिक उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सीहोर कलेक्ट्रेट से एसआईआर कक्ष से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बालमुरुगन के, एसडीएम स्वाति मिश्रा, तहसीलदार डॉ अन्नि सिंह सहित संबंधित अधिकारी वीसी में शामिल हुए।

स्व. इंदिरा गांधी की जयंती पर कांग्रेस ने श्रद्धासुमन अर्पित किए

डीआर संवाददाता>> आष्टा

जिला कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर कार्यक्रम हुआ। अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती ने की। कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सभी ने उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

राजीव गुजराती ने कहा, इंदिरा गांधी ने अपने अटल निर्णयों, तेजस्वी नेतृत्व और साहसिक नीतियों से भारत को मजबूत और प्रभावशाली राष्ट्र बनाया। उनकी दूरदर्शिता और राष्ट्रसेवा की भावना आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती रहेगी। भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री को अदम्य साहस और लोह-इच्छाशक्ति की मिसाल बताया।

कार्यक्रम में कांग्रेस नेता सोम वर्मा, प्रीतम दयाल चौरसिया, शालेह वर्मा, सीताराम भारती, सुरेश बाबू राठौर, ओम बाबा राठौर, डॉ. अनीस खान, विवेक राठौर, एस. कुमार राठौर, प्रेमनारायण परमार, योगेश ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सड़क पर दुकान, दिन में कई बार लगा जाम

डीआर संवाददाता>> आष्टा

बुधवार के दिन लगने वाले साप्ताहिक हाट में दुकानें लगने के अलावा, सड़क के दोनों ओर भी दुकानदार आधी सड़कों पर दुकानें लगा लेते हैं। इससे सोम पर दिन भर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। समस्या को हल करने के लिए इस बुधवार के दिन लगने वाली हाट की दुकानों को सड़क पर नहीं लगने दिया गया। दूसरी ओर पर दोपहर तक जाम नहीं लगा, लेकिन शाम को वही स्थिति निर्मित हो गई।

शाम 4 बजे के बाद अस्थाई हाथ ठेले चालकों ने अधिक बेचने के चक्कर में फल, फूल, सब्जी आदि के ठेले सड़क पर लगा दिए और देर रात तक सड़क पर ही बिक्री करते रहे। इसके कारण लोगों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं, वाहनों की भी लंबी लाइनें लगीं। वाहन धीरे-धीरे रेंगते रहे।

शताब्दी वर्ष के तहत शुरू किया पंच परिवर्तनरू गृह सम्प

डीआर संवाददाता>> सीहोर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (ै) ने अपने शताब्दी वर्ष समारोह (100 वर्ष) के उपलक्ष्य में देशभर में एक महत्वाकांक्षी पहल की शुरुआत की है। इस विशेष कार्यक्रम का नाम 'पंच परिवर्तनरू गृह सम्पर्क अभियान' रखा गया है, जिसके तहत संघ के कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से सीधा संवाद स्थापित कर रहे हैं। हाल ही में, संघ के स्वयंसेवकों ने श्यामपुर क्षेत्र में घर-घर जाकर नागरिकों से सम्पर्क किया और उन्हें इस अभियान के उद्देश्य से अवगत कराया।

अभियान का मुख्य उद्देश्य पंच परिवर्तनरू गृह सम्पर्क अभियान' का मूल उद्देश्य नागरिकों को राष्ट्र निर्माण, राष्ट्रीयता की भावना और देश हित के कार्यों के प्रति जागरूक करना है। संघ के स्वयंसेवक लोगों से मिलकर उन्हें इन प्रेरणाओं की महत्ता समझा रहे हैं और उन्हें सामाजिक व राष्ट्रीय उत्थान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। यह अभियान संघ की विचारधारा और कार्यों को सीधे जनता तक पहुंचाने का एक बड़ा प्रयास है। शताब्दी वर्ष समारोह के तहत कई कार्यक्रमों में यह सम्पर्क अभियान है द्वारा अपने शताब्दी वर्ष को भव्य रूप से मनाने के लिए आयोजित किए जा रहे कई कार्यक्रमों में से एक है।

ठंड में हल्की नरमी, लेकिन शीतलहर का असर बरकरार

डीआर संवाददाता>> सीहोर

पिछले तीन दिनों से पड़ रही कड़ाके की सर्दी से बुधवार को मामूली राहत मिली। लेकिन अब भी दिन और रात का तापमान सामान्य से 3 डिग्री कम बना हुआ है।

बुधवार को अधिकतम तापमान 28.5 और न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग की मानें तो आसिक बादल छाने से अब दिन और रात के तापमान में मामूली बढ़ोत्तरी होगी। लेकिन सेल्सियस ठंड की रफ्तार फिलहाल अगले तीन दिन और मिलने वाली नहीं है। इस बार अल्पवृष्टि महीने के आखिरी में मावठा गिरने के कारण हवाओं में नमी की मात्रा ज्यादा बनी हुई है। इसलिए नवंबर महीने की शुरुआत में ही सड़कों की ठंड असर दिखाने लगी है।

एयरपोर्ट बोले- अभी हवा का रुख उत्तर और उत्तर पूर्व से बना रहेगा

आरएके कॉलेज विभाग प्रभारीय कृषि मौसम सेवा केंद्र के विशेषज्ञ डॉ. राजेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि अभी हवा का रुख उत्तर और उत्तर पूर्व से बना रहेगा। हालांकि आगे आने वाले दिनों में हवा का रुख दक्षिणी होने की संभावना है। यदि ऐसा हुआ तो मौसम बदल जाएगा। यही नहीं अभी कुछ दिन आंशिक बादल छाए रहेंगे। जिससे तेज ठंड से मामूली राहत मिलेगी।

वहीं नहीं हवा का रुख उत्तर से बने होने के कारण शीतलहर का असर भी बना हुआ है। पेंड्रो में बुधवार को न्यूनतम तापमान में 1 डिग्री की बढ़ोत्तरी हुई और तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन दिन और मिलने वाली नहीं है। इस बार अल्पवृष्टि महीने के आखिरी में मावठा गिरने के कारण हवाओं में नमी की मात्रा

वैकवाहिक मुहुर्त अश वैवाहिक मुहुर्त आरंभ होने जा तो है और इस वैरान आपके घर में बहु के गृह प्रवेश

वैवाहिक मुहूर्त संग बहू का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने निकाले मुहूत्र: सारिका

डीआर संवाददाता>> सीहोर

अब वैवाहिक मुहूर्त आरंभ होने जा तो है और इस वैरान आपके घर में बहु के गृह प्रवेश संसकार के बाद अब आ रही है बारी, आपके परिवार के साथ अपना लोकतांत्रिक अधिकार को पाने की, ताकि अब नये घर के लिये जरूरतेन्निधि चुनने में उसका भी योगदान हो। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग की स्वीप आईकॉन सारिका ने नवयुवकों के लिये विशेष जागरूकता कार्यक्रम में मतदाता नाम स्थानांतरण की प्रक्रिया की जानकारी दी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार झा के मार्गदर्शन में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में

सारिका ने बताया कि अगर शादी के पहले अगर लड़की का नाम मायके की मतदाता सूची में था तो बीएलओ पार्थ की मदद से नहरा शिफ्टिंग के अंतर्गत बहू का नाम अब विवाह बाद के नये पते पर स्थानांतरित करेंगे। वहीं दूसरी ओर फॉर्म 6 नए मतदाताओं के लिए होता है जो पहली बार पंजीकरण कर रहे हैं। इस प्रक्रिया को समझाने सारिका वैवाहिक बन्नी लोकगीत गाकर मतदाताओं को जागरूक कर रही है। सारिका ने कहा कि इसका

मुख्य लक्ष्य महिला मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाना और यह सुनिश्चित करना है कि शादी के बाद उनका नाम पुरानी जगह से हटाकर ससुराल की मतदाता सूची में सही रूप से जोड़ दिया जाए, ताकि अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। तो तैयार हो जाईये वो अब आपके परिवार के साथ लोकतंत्र का अधिकार पाने के लिये मतदाता सूची में नाम स्थानांतरित करवाने के लिये या नाम जुड़वाने के लिये।

तहसीलदार ने बीएलओ का सम्मान किया गया

डीआर संवाददाता>> आष्टा

निर्वाचन नामावली के विशेष सघन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आष्टा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 1 बीमखेड़ी के बूथ लेवल ऑफिसर भूरेलाल गलवाल प्रावधिक शिक्षक द्वारा कुल 870 मतदाताओं में से 594 मतदाताओं (73.33 प्रतिशत) के बीएलओ ऐप पर नक्शा फाइल ऑनलाइन भर कर उल्लेखनीय कार्य करने से तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी जावर ओमप्रकाश बोरवा द्वारा पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया गया। तहसीलदार द्वारा निरीक्षण के दौरान बीएलओ के अच्छे कार्य को प्रोत्साहित करते हुए अन्य बीएलओ को भी कार्य से प्रेरित हो कर शीघ्र कार्य पूर्ण करने का संदेश दिया।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-अमावस्या,2082 | विदिशा, दिन गुरूवार,दिनांक 13 नवम्बर ,2025

न्यूज गैलरी

2 लाख 23 हजार 441 पहुंची करोड़ों की राशि

विदिशा। जिले के 2 लाख 33 हजार 441 किसानों ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त पहुंच गई है। जिले के किसानों को 46.69 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान किया गया है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट विदिशा के एनआईसी सीसी हाल में भी किया गया। यहां किसानों ने लाइव प्रसारण देखा सुना। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति शर्मा, धनराज सिंह गांगी ने किसानों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

3 बालिकाएं करेंगी मप्र का प्रतिनिधित्व

विदिशा। विदिशा जिले की आर्या दीक्षित, श्रद्धा राजे सिंह और हिमांशी प्रजापति 21 से 23 नवंबर तक जालंधर, पंजाब में आयोजित होने वाली हॉकी नेशनल कैडेट चाइकबांडो चैम्पियनशिप में मध्यप्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। चाइकबांडो संघ विदिशा के सचिव एवं मप्र टीम के कोच विकास थाक ने बताया कि प्रतियोगिता चाइकबांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में पंजाब चाइकबांडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित की जा रही है। विदिशा के प्लव लोधी और मानस श्रीवास्तव इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाएंगे। खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया पर बीएस चौहान, विश्वामित्र अवधी कोच दिलीप सिंह यादव, विश्वनारायण शर्मा, नीरज जाट, पुष्पेन्द्र सिंह राजपूत, नीलम पाल, कैलाश अहिरवार, हेमंत विश्वकर्मा, सोहन कुशवाह, सौरभ कुशवाह सहित खेलप्रेमियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर माल्यार्पण

विदिशा। अंग्रेजों से लोहा लेकर अंग्रेजी हुकूमत को चुनौती देने वाली झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की 199वीं जयंती पर कंकरपुरा गर्ल्स स्कूल के पास स्थित उनकी प्रतिमा पर विधायक मुकेश टंडन ने माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ने कहा कि देश की आजादी में महापुरुषों के साथ मातृशक्ति ने भी अमूल्य योगदान दिया है। रानी लक्ष्मीबाई ऐसी ही वीरांगना थीं, जिन्होंने साहस, त्याग और अदम्य देशभक्ति से अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष किया और अपने प्राणों की आहुति देकर स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी।

पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू हुआ

गुलाबगंज। ग्राम पंचायत गुलखेड़ी की पेयजल समस्या के समाधान के लिए विधायक मुकेश टंडन के निर्देश पर बुधवार से जल निगम ने पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू कर दिया है। सरपंच प्रतिनिधि अंगददास बाजरी और जनपद सदस्य रविन्द्र यादव लंबे समय से इसके लिए प्रयासरत थे। जनसुनवाई में निवेदन के बाद विधायक ने एक सप्ताह में कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए, जिसके परिणामस्वरूप काम शुरू हो गया। ग्रामीणों ने विधायक, सरपंच और जनपद सदस्य का आभार व्यक्त किया है। रविन्द्र यादव ने बताया कि लाइन बिछने के बाद प्रस्तावित सड़कों का निर्माण भी कराया जाएगा।

चंद्रशेखर मिश्रा का निधन

विदिशा। वरिष्ठ नगर निवासी एडवोकेट चंद्रशेखर मिश्रा का बुधवार को निधन हो गया। वह पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। आज गुरुवार को सुबह 10

दिनभर में हुए घटनाक्रम, चौराहे पर हुई परिचर्चा, ऑडियो वायरल, नपा उपाध्यक्ष का पुतला फूंका

पार्षदों ने एसपी को दिया ज्ञापन, कहा- हमें और हमारे परिवार को है खतरा, मांगी सुरक्षा

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

शहर के गांधी मोड़ पर बुधवार को चौराहे पर वार्ड में शामिल नगरवासी लोगों ने कई मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। इसमें खराब सड़कें, बारिश में जल भराव, घर-घर बेतवा का खराब पानी सहित अनेक समस्याएं गिनाई गईं।

ऐसे हालात जिम्मेदार सांसद, विधायक सहित जन प्रतिनिधियों को उहराया गया। सुजीत देवलिया ने कहा । कि पहले देश के कई प्रांतों से पढ़ाई करने के लिए विद्यार्थी विदिशा आया करते थे। एसएटीआई और जैन कॉलेज प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थान रहे हैं, जो आज अनुदान कम मिलने से अपने अस्तित्व से जूझ रहे हैं। अब 10वीं और 12वीं के बाद पढ़ाई के लिए दूसरे शहरों में जाना पड़ता है। रोजगार के लिए भी युवा बाहर का रुख कर रहे हैं। देवलिया ने कहा नगर लगने की कवायद तो सबने सुनी है, पर विकास

विदिशा। विकास पथ के आयोजकों ने सुजीत देवलिया का स्वागत किया।

सिंह की नजर पहले से शहर की स्थिति विध्वंसक हो गई है। राजकुमार पाली ने कहा कि पहले बेतवा रुदा नीचा रहती थी, अब न वर्ष में 8 महीने सूखी रहती है। जनता से इन्हें सारे वोट दिए, पर विदिशा की जनता को क्या मिला। जन प्रतिनिधियों को शर्म आना चाहिए। इस बारे में विदिशा विधायक ने कहा कि जनता सलेमी रुदी मेरी गलती है, तो मैं माफ मांगकर माफी मांगने के लिए तैयार हूं।

नपा में हस्तक्षेप के कारण काम ठप

नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष आशीष कटारिया ने कहा कि नगर पालिका में अनावश्यक हस्तक्षेप होने के कारण काम ठप पड़ गए हैं। इससे शहर वासी त्रस्त हैं व्यक्तिगत मतलब जो भी हैं लेकिन शहर का विकास नहीं रुकना चाहिए। नगर पालिका में भ्रष्टाचार चरम पर है। चौराहे पर है

बेतवा पर करोड़ों रुपए खर्च, घरों में प्रदूषित पानी आ रहा

आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने कहा कि बेतवा पर करोड़ों राशि खर्च कर दी गई, फिर भी प्रदूषित है। इस तरह से प्रदूषित जल ही घर-घर सप्लाई किया जा रहा है। घोर घाट के नाले से बेतवा में प्रदूषित पानी मिल रहा है। जो नई पाइलाइन बनाई थी वह नहीं बनाई है।

सांसद, विधायक ने खुद का ही विकास किया, शहर का नहीं

चौराहे पर वर्षा के आयोजक आनंद प्रतापसिंह ने कहा कि अमृत योजना सहित कई योजना के नाम पर करोड़ों पर रुपए खर्च कर दिए गए, लेकिन समस्या कम नहीं हुई। जनसुनवाई में लोगों की भीड़ लगी रहती है। सांसद और विधायक ने अपना ही विकास किया है, शहर का नहीं।

कमीशन को लेकर नपा कार्यवाहक अध्यक्ष व ठेकेदार का कथित ऑडियो वायरल,

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा नगरपालिका में भ्रष्टाचार के आरोपों का सिलसिला थम नहीं रहा। पहले नपा अध्यक्ष प्रीति राजेश शर्मा को हटाने के लिए 18 सितंबर को 39 में से 38 पार्षदों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था। इसके 20 दिन बाद 9 अक्टूबर को अध्यक्ष ने सत्यम स्वास्थ्य का जन हमला देकर अपने विशेष अधिकार नपा उपाध्यक्ष संजय 19 नवंबर को उपाध्यक्ष संजय दीपावलियों और ठेकेदार राजेश शर्मा उर्फ मंटू के बीच हुई बातचीत के दो कथित ऑडियो वायरल हुए हैं।

इसमें उपाध्यक्ष कथित रूप से ठेकेदार से कह रहे हैं कि जब अध्यक्ष को 15 कमीशन देना पड़ता था, तब क्या अच्छा लगता था। हमें ना क्यों नहीं दोगे। पत्रकार को बोल देना कि वादा को 8 देना। ऑडियो में उपाध्यक्ष खुद को चर्चा के नहले 5 और उपाध्यक्ष के तौर पर 2 सहित कुल 7 कमीशन की बात करते सुनाई दे रहे हैं।

वहीं उपाध्यक्ष दीपावलियों ने सफाई दी है कि वायरल ऑडियो में उनकी आवाज नहीं है। उन्हें बदनाम करने के लिए षड्यंत्र रचा गया है।

उन्होंने एसपी को आवेदन देकर जांच की मांग की है। वहीं ठेकेदार राजेश शर्मा उर्फ मंटू ने कहा कि सब कुछ पार्षदों के साथ बैठाकर का ऑडियो बनाने की सिडसिल कर रहे थे।

उन्होंने भी एसपी को आवेदन देकर जांच की मांग की है। एसपी रोहित काशवानी ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत मिली है। साइबर सेल से जांच कराई जा रही है। जरूरत पड़ी तो फोरेंसिक लेकर भी सत्यता की जांच की जाएगी।

भाजपा ने देश को बांटा, इंदिरा गांधी ने जोड़ा,पूर्व प्रधानमंत्री

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी और सेवादल कांग्रेस ने एक कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुष्प चढ़ाकर इंदिरा गांधी को नमन किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने इंदिरा गांधी के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी अपने निर्णयों को पूरा करने वाली नेता थीं।

वक्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने देश को बांटने का काम किया है, जबकि इंदिरा गांधी ने देश को जोड़ने का कार्य किया था।

इंदिरा गांधी की जयंती पर कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि दी। इंदिरा गांधी की जयंती पर कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस ने की संगठन को मजबूत करने की अपील वक्ताओं ने हाल ही में सम्पन्न हुए बिहार विधानसभा चुनाव का भी जिक्र किया। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने की अपील की। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि इंदिरा बड़ी मुद्दाओं, किसानों और गरीब मजदूरों के हित में कार्य करती थीं। उन्होंने युवाओं के रोजगार, गरीबों के घर जैसे मुद्दों पर जोर दिया। रघुवंशी ने इंदिरा गांधी के कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। उन्होंने बैंकों का राष्ट्रीयकरण, प्रिवीपर्स हटाओ का नारा और पोखरण में परमाणु परीक्षण जैसे कदमों को देश को सशक्त बनाने में उनके ऐतिहासिक योगदान के रूप में बताया। कार्यक्रम के समापन पर, उपस्थित कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी के आदर्शों पर चलने और देशहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

लोधी जी भोजनालय से लिए गए खाद्य नमूने

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के निर्देशों के अनुपालन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा जिले में जनहित निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्यवाही की जा रही है। प्राप्त शिकायत के आधार पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती एकलिन इं पन्ना द्वारा, लोधी जी भोजनालय ब्लॉक कॉलोनी, दैनिक भास्कर ऑफिस के पीछे विदिशा का निरीक्षण किया

गया।

निरीक्षण के दौरान खाद्य व्यवसायकर्ता को खाद्य सामग्री का निर्माण साफ सफाई से करने, खाद्य सामग्री ढक कर रखने, ग्रेड और पहचान, दस्ताने पहनने आदि निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा खाद्य पदार्थ जैसे, चावल, खाद्य तेल, पनीर, नमक के नमूने जांच हेतु एकत्रित किए गए हैं। उक्त नमूने राज्य खाद्य परिक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे जाएंगे।

जिले के 223441 हितग्राहियों को 46.69 करोड़ रुपए की राशि का सिंगल क्लिक से वितरण

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त का अवतरण आज सिंगल क्लिक से किया है। जिससे विदिशा जिले के 233441 हितग्राही लाभांवित हुए हैं। प्रधानमंत्री जी द्वारा योजना की 21वीं किस्त के रूप में विदिशा जिले के 233441 हितग्राहियों को लगभग 46.69 करोड़ रुपए की राशि का वितरण सिंगल क्लिक के माध्यम से किया गया है। तहसील वार जानकारी अनुसार विदिशा जिले की सिरोंज तहसील के 41187, बासौदा के 27019, लटेरी के 25421, नटेरन के 10057, शमशाबाद के 19179, त्योंथा के

14540, ग्यारसपुर के 13175, गुलाबगंज के 10032, विदिशा और विदिशा नगर के 33282 और कुरवाई और पठारी तहसील के 29652 इस प्रकार कुल 233441 हितग्राही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित हुए हैं। प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट विदिशा के एनआईसी सीसी हाल में भी किया गया था। यहां उपस्थित कृषकों के द्वारा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा सुना गया। इस दौरान विदिशा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शर्मा, विदिशा जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री वीर सिंह रघुवंशी, श्री धनराज सिंह गांगी ने कृषक बंधुओं का फूल माला पहनाकर स्वागत किया और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर सुश्री निकिता तिवारी सहित कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

खेलो इंडिया अस्मिता

विदिशा। खेलो इंडिया अस्मिता एथलेटिक्स लीग 2025-26 का आयोजन देशभर की तरह विदिशा में भी पहली बार 21 नवंबर को सुबह 8 बजे जिला खेल

विधानसभा क्षेत्र विदिशा में एसआईआर-26 तहत हाटखेड़ा बना पहला 100 प्रतिशत सर्वेक्षण पूर्ण करने वाला ग्राम

विदिशा। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-26) के अंतर्गत, विधानसभा क्षेत्र 144 विदिशा के भाग संख्या 12, हाटखेड़ा में नियुक्त बूथ लेवल ऑफिसर श्री गणेश साहू द्वारा समस्त कार्य हर्ता-प्रतिशत पूर्ण किया गया है।

यह भी उल्लेखनीय है कि जिला विदिशा में सर्वप्रथम 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण करने का दायित्व ग्राम हाटखेड़ा में प्राथमिक शिक्षक पर नियुक्त बीएलओ द्वारा सफलतापूर्वक पूरा किया गया है, जो अत्यंत सराहनीय है। इसी प्रकार कुरवाई विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 146 के मतदान केन्द्र क्रमांक 140 के बीएलओ श्री धर्मेन्द्र रघुवंशी के द्वारा अपने क्षेत्र में 100 प्रतिशत निर्धारण मानचित्री के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 एसआईआर अंतर्गत सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

कार्यशाला

पुलिस कैसे बने, कार्यशाला के तीसरा दिन छात्राओं ने किए सवाल

छात्रा ने महिला से पूछा प्रश्न, घरेलू हिंसा क्या महिला पुलिस के साथ भी होती है?

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

छात्रा ने महिला से पूछा प्रश्न, घरेलू हिंसा क्या महिला पुलिस के साथ भी होती है?

छात्रा कहती है। सरकारी नौकरी होने से उन्हें सुरक्षा, सम्मान, स्थिर आय और करियर वृद्धि के अवसर भी मिलते हैं, जो उनके उज्ज्वल भविष्य की वह मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में सूबेदार शशीतेज प्रसाद ने बताया कि लड़कियों का पुलिस बनना व्यक्तिगत उपलब्धि के साथ-साथ समाज के सशक्तीकरण का प्रतीक है। कार्यशाला की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. ब्रजमोहन अग्रवाल ने की, संचालन डॉ. अनीता शाक्य ने किया

अनीता शाक्य और डॉ. सुबेदार शर्मा से विद्यार्थियों ने किए दिलचस्प सवाल सोनी संगार प्रश्न किया की रात

विदिशा। तीन दिवसीय कार्यशाला

को महिला पुलिस को ड्यूटी करने में क्या क्या समस्याएं सामने आती है। जवाब मिला कि महिला पुलिस के लिए रात को ड्यूटी करना जैसे ही है, वैसे कॉर्ड तुरुणा महिला सुरक्षा को लेकर कानून सख्त किए गए है, जिसका सीधा असरीयों पर भी रहता है। जा मनीष अतिरंजार ने पूछा की घरेलू हिंसा क्या महिला पुलिस के साथ भी होती है।

व्हीसी के माध्यम से दिशा निर्देश

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण एसआईआर के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए है। इस दौरान विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गणना वितरण पत्रक एवं प्राप्त गणना पत्रक के डिजिटाईजेशन कार्य प्रगति की समीक्षा की गई एवं समय सीमा में निपटित किए गए गणना पत्रकों को मतदाताओं से प्राप्त कर डिजीटाईजेशन पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही मतदाताओं को गणना पत्रक भरने के लिए पटवारी, रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, इत्यादि बीएलओ की सहायता के लिए लगाए जाने हेतु निर्देशित किया है साथ ही जिले के प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर एक अतिरिक्त अधिकारी को नियुक्त करने हेतु निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान विदिशा के एनआईसी दीनी कक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अंशुल गुप्ता, अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डागोर, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अनुजा जैन सहित अन्य मौजूद रहे।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-अमावस्या,2082 | राजगढ, दिन गुरूवार,दिनांक 13 नवंबर,2025

न्यूज गैलरी

नवोदयरू प्रवेश परीक्षा के एडमिट कार्ड किए जारी

राजगढ़। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कचनारिया सुस्तपी में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छठी प्रवेश परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। प्रभारी के अनुसार अभ्यर्थियों के अभिभावक नवोदय की वेबसाइट से रजिस्ट्रेशन नंबर और जन्मतिथि दर्ज कर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा 13 दिसंबर 2025 को आयोजित होगी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के आवेदन 28 नवंबर तक

राजगढ़। मध्यप्रदेश माध्यमिक बोर्ड भोपाल की माध्यमिक शिक्षा विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत डिप्लोमा के लिए के 45 दिन (270 घंटे) का प्रशिक्षण कार्यक्रम युवा जिले में प्रारंभ किया जाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रजापति कुम्हार समाज के शिक्षार्थी भाग पात्रता रहेगी

अमानक आयुर्वेद दवाइयों की बिक्री पर लगाई रोक

राजगढ़। जागृत अभियानी डॉ. जयेन्द्र त्रिपुर्वेदी ने बताया कि अमानक पाए औषधि निर्माण सत्य, साम दुधारस, कफ कुठार रस, लक्ष्मी विलास रस, प्रवाल पिष्टी व मुक्ता शुक्ति जैसी कंपनी के बैच नंबर की औषधियों को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है।

डीएलटीसी की बैठक का आयोजन 21 को

राजगढ़। कलेक्टर डॉ. नितेश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आगामी वर्ष 2026-27 हेतु विभिन्न बैंकों के ऋणमान निर्धारित एवं ऋण नीति निर्धारित करने हेतु तकनीकी समूह डीएलटीसी की बैठक 21 नवम्बर, 2025 को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में विभिन्न बैंकों के ऋणमान निर्धारण, नगद एवं वस्तु ऋण का निर्धारण, ऋण आवश्यकी की क्षमता का आकलन, पशुपालन एवं मत्स्य व्यवसायी कृषकों की कार्यशील पूंजी के ऋणमान का निर्धारण, ऋण वितरण का समय एवं अवधारी दिनांक का निर्धारणतथा अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

घर के सामने अलाव ताप रहा युवक गर्म खाकर गिरा, मौत

राजगढ़। राजगढ़ ब्लॉक के ग्राम नेसड़ी में अलाव तापते युवक की अचानक मौत होने का मामला सामने आया है। नेसड़ी गांव में ये घटना मंगलवार देर रात हुई। 28 वर्ष का मृतक युवक पुत्र मुन्नालाल वर्मा अपने घर के सामने अलाव जलाकर आग ताप रहा था। तभी वह अचानक पीछे की ओर लुड़ककर जमीन पर गिर पड़ा। इलाज के लिए उसे परिवार तत्काल जिला अस्पताल लेकर जाए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना का कारण अज्ञात बताया गया है। माना जा रहा है कि युवक की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई होगी।

जीआरपी ने चोरी करते दो सदस्यों को पकड़ा

ब्यावरा। जीआरपी पुलिस ने ट्रेनों में चोरी करने वाली गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से नगदी भी बरामद की है। थाना प्रभारी गोपाल सिंह कन्नौजिया ने बताया कि 19 जुलाई को बांदा-इंदौर इंटरसिटी एक्सप्रेस के कोच में अज्ञात चोरों द्वारा विकास यादव के 15 हजार चोरी कर लिए थे। जांच के दौरान जीआरपी पुलिस ने यूपी के संभल के सराय तरीन निवासी मोहम्मद रफी पुत्र अब्दुल अजीज व नौशाद अहमद पुत्र गयासुद्दीन निवासी फिरोज नगर जिलाजीगेट, मेरठ यूपी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों – के पास 9600 रुपए नगदी

मिलावट का | पटवारी निलंबित, दो शिक्षकों को थमाए शोकाज और 2 रोजगार सहायकों की बर्खास्तगी की अनुशंसा

एसआईआर कार्य में लापरवाही अनुशासनहीनता पर कार्रवाई

डीआर संवाददाता ▶▶ ब्यावरा

विधानसभा क्षेत्र-180 नरसिंहगढ़ में चल रहे निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में लापरवाही बरतने का मामला सामने आया है। इस संबंध में अतिरिक्त तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बोड़ा द्वारा कलेक्टर (निर्वाचन) राजगढ़ को चर्चासंह संबित प्रतिवेदन भेजा गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, अधिसूचना से 18 नवंबर 2025 को मतदान केन्द्र क्रमांक 101 ग्राम पंचायत कोडियागोड और मतदान केन्द्र क्रमांक 122 ग्राम पंचायत उदयपुरिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों ही बीएलओ के रोजगार सहायक अनुपालन रावेला कोडियागोड, राजेश यादव उदयपुरिया।

नौके पर अनुपस्थित पाए गए

लगातार अनुपस्थित होते हुए स्थल रिपोर्ट तक नहीं किया स्थानीय ब्लॉक लेवल अधिकारियों और कर्मचारियों को बताया कि एसआईआर कार्य की गुणवत्ता से लेकर अब तक दोनों रोजगार सहायकों ने न तो उपस्थिति दर्ज कराई और न ही किसी प्रकार का सहयोग किया है। निरीक्षण के दौरान भी अधिकारी द्वारा कई बार फोन किए जाने के

बावजूद दोनों कर्मचारियों ने कॉल रिसीव नहीं किया और न ही कॉल बैक किया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अधिकारी ने इसकी सूचना जनपद पंचायत के अधिकारी राजकारण शर्मा को भी दी। वहीं दो अन्य शिक्षकों द्वारा भी इसी तरह की लापरवाही सामने आने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है जबकि निर्वाचन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही के चलते नरसिंहगढ़ तहसील से पटवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा 180 नरसिंहगढ़ को प्रतिवेदन भेजा है की आगे की कार्यवाही के लिए इसकी प्रतिलिपि कलेक्टर निर्वाचन राजगढ़ को भेजा गया।

3 दिन कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित रहने पर पटवारी निलंबित

नरसिंहगढ़ तहसील के पटवारी दीपक खतुर्वेदी को हल्का में 73 लखनपुर कार्यस्थ से अनुपस्थित पाए जाने एवं मोबाइल बंद होने के कारण इसे निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य में ढील नहीं लेना एवं लापरवाही व लापरवाही की प्रवृत्ति लगता है जिसके चलते कलेक्टर

निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही पर इन शिक्षकों को मिले शो-कॉज

राजगढ़ जिले के 26 एस विधान सभा क्षेत्र 180 नरसिंहगढ़ पर शिक्षक या फिर शैक्षणिकों को विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर में लापरवाही करने व सहायकों के द्वारा 17 नवंबर 25 तक बीएलओ न करने का बीएलओ सुपरवाईजर नोडल अधिकारी द्वारा अपने मतदान केन्द्र पर उपस्थित रहने के संबंध में बताया गया इसके अलावा 13 नवंबर के अवलोकन 4 बजे तक केवल 28 सहायकों के गणना प्रपत्र को मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाईन किया गया। निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में रूचि नहीं लेना अपनी लापरवाही व लापरवाही को प्रदर्शित करता है जो कि भा. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के अनुसार दुराचरण करता है। 24 घंटे में उत्तर प्रस्तुत नहीं करने की एक पक्षीय कार्यवाही प्रस्तावित की जाकर निलंबन किए जाने हेतु शो-कॉज नोटिस जारी किया गया है।

घटनाओं को लेक सड़क पर उतरी प्रजापति समाज

डीआर संवाददाता ▶▶ ब्यावरा

राजगढ़ प्रजापति समाज ने जिले में लगातार हुई घटनाओं पर पुलिस प्रशासन की कथित लापरवाही को लेकर कड़ा विरोध जताया है। समाज के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक को भेजे ज्ञापन में कहा कि मानकी (सुठालिया थाना) में माह मई में हुई घटना, कालीपीठ थाना क्षेत्र के लसूनखी लोध गांव में युवती को दरिंदगी की मर्दी के बिना भेजे जाने और चाटूखेड़ा में राधेश्याम प्रजापति की जलाकर नृशंस हत्या का आरोप लगाते हुए हुए इन सभी मामलों में ठोस कार्रवाई की मांग की है। समाजजनों घटनाओं को लेकर सड़क पर उतरा प्रजापति समाज, कार्रवाई की मांग

आमजनों ने आरोप लगाया कि इन प्रकरणों में संबंधित थाना क्षेत्रों के पुलिस अधिकारी आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रहे हैं, इसलिए उन्हें तत्काल निलंबित किया जाए। साथ ही सभी मामलों की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों को कठोरतम दंड

प्रजापति समाज एकता जिंदाबाद दिलाने की मांग की गई। कालीपीठ थाना क्षेत्र में पीड़ित परिवार से मिए गए 45 हजार रुपए व अतिरिक्त मुआवजे गई राशि वापस दिलाने की भी मांग रखी गई। समाज ने 7 दिनों में कार्रवाई न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।

जहरीला पदार्थ खाने वाली नाबालिग की हुई मौत

ब्यावरा। सिटी थाना अंतर्गत मंगलवार को गलती से जहरीला पदार्थ पीने का वाली नाबालिग की इलाज के दौरान मौत हो गई। कुरावर को पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कि कर दिया। यहां बता दें, 15 वर्षीय नि नाबालिग कक्षा आठवीं की छात्रा है और मंगलवार को बेटल में पानी पी गि जाना गलती से जहरीले पदार्थ का से सेवन कर लिया था।

लूटकांड के चार आरोपी गिरफ्तार,कट्टे,बंदूक,स्कॉर्पियो और 80 हजार रुपए बरामद

डीआर संवाददाता ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ जिले की कुरावर पुलिस ने 16 नवंबर को हुई लूट का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से हथियार, एक स्कॉर्पियो वाहन और 80,000 रुपए नकद बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार कुरावर में परिवादी रोहित खाती अपने दोस्तों के साथ मोघट रोड स्थित एक पंचर दुकान पर थे। उसी दौरान दया शंकर पंडित और उसके साथियों ने उनसे प्रॉपर्टी के काम में कमीशन (हक्का) मांगा। रोहित खाती के इनकार करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की, कट्टे से गोली चलाई और रोहित की जेब से 1,00,000 रुपए लूटकर फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलने पर कुरावर थाने ने अपराध क्रमांक 408/25 के तहत मामला दर्ज किया गया और पुलिस ने तत्काल जांच शुरू कर दी। पुलिस की लगातार कार्रवाई और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर 18 नवंबर को खुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपी

दया शंकर उर्फ दया पंडित (पिता सोहनलाल शर्मा, ग्राम टोरवाड़ी),सुनील (पिता गोकुलदास, ग्राम पीपलखेड़ी),पंकज (पिता छोटनलाल शर्मा, ग्राम पीपलखेड़ी) रोशन चौहान (पिता भगवान सिंह, उम्र 20 वर्ष, ग्राम पीपलखेड़ी)

एक अन्य में ट्रैक्टर का खाकर गीर घायल हुआ युवक

राजगढ़ । जिले में मौसम सर्दी का दौर जारी है वहीं शीतलहर और सर्दी से बचने लोग अब अलावों का सहारा लेने लगे हैं। मंगलवार देर शाम अपने घर के सामने अलाव जलाकर ताप रहा 28 वर्षीय युवक अचानक बेहोश होकर पीछे गिर पड़ा। काफी परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार नेहड़ी गांव निवासी कुलदीप जिन्हा मुन्नालाल वर्मा मंगलवार शाम करीब 7 बजे सामान्य रूप से घर के सामने अलाव जलाकर ताप रहा था। तभी वह अचानक बेहोश होकर पीछे की तरफ गिरकर बेहोश हो गया। परिजन तुरन्त युवक को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कुरावर थाने पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया। मामले में नगर थाना स्तर पर जांच शुरू की गई है।

राजगढ़ की रात 6.5 डिग्री पहुंचा पारा, अलाव का सहारा लेते दिखे लोग

डीआर संवाददाता ▶▶ ब्यावरा

मध्यप्रदेश में इस हफ्ते ठंड ने अचानक अपना रूख बदल दिया है, लेकिन जबसे जयपुर विद्युत राजगढ़ में दर्ज हुई। मंगलवार-बुधवार की रात यहां का 6.5 डिग्री सेल्सियस रहा। तापमान बहादुर डिल स्टेशन पचमढ़ी (8.6 डिग्री) से भी नीचे चला गया, जिससे राजगढ़ प्रदेश के सबसे ठंडे शहरों में शामिल हो गया। मंगलवार-बुधवार की रात भी राजगढ़ में तापमान 5.6 डिग्री तक पहुंच गया था। लगातार दो दिनों से बिर्र रहे पारे ने लोगों को ठंड का तेज असर महसूस कराया है। खिलचीपुर व आसपास के इलाकों में बढ़ी विद्युत खिलचीपुर और आसपास के क्षेत्रीय इलाकों ने भी ठंड का असर साफ दिखा। रात में सड़क किनारे, पीर-चौराहों पर लोग अलाव जलाकर गर्मी लेते नजर आए। कुरावर सुबह भी लोग जैकेट, स्वेटर और मफलर में लिपटे दिखे। कई शहरों पर सुबह के वक्त सन्नाटा पसरा रहा।

ठंड बढ़ने के कारण लोग गर्म कपड़े पहनकर बाहर निकल रहे। राजगढ़ सहित बड़े शहरों में भी दिन तापमान बीसल विभाग के अनुसार भोपाल में रात का तापमान 7.8 डिग्री, इंदौर 8.9 डिग्री, उज्जैन 9.5 डिग्री, ग्वालियर 10.7 डिग्री, जबलपुर 9.9 डिग्री रहा। नौगांव में 3 डिग्री, छिंदवाड़ा 9 डिग्री, खरगोन 9.4 डिग्री, सिवाड़ा-मलाजखंड 9.6 डिग्री और रीवा 9.8 डिग्री दर्ज हुआ। अन्य शहरों में पारा 10 से 13 डिग्री के बीच रहा। ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे लोग। ठंडी हवाओं से और गिरेगा तापमान बीसल विभाग का कहना है कि उत्तर भारत से आ रही ।

खिलचीपुर में 2025 सर्वे जार रूरू टीमें 15 वार्डों में घर-घर कर रहीं एंट्री, 4 दिसंबर तक होगा पूरा

डीआर संवाददाता ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ जिले के खिलचीपुर नगर में "र 2025 के तहत महत्वपूर्ण सर्वे कार्य तेजी से चल रहा है। इस जनगणना जैसे सर्वेक्षण का उद्देश्य नगर के सभी आवश्यक आंकड़े जुटाना है। नगर परिषद के अधिकारी अनिल जोशी, उप्र स्थान बाबू मालवार, डाटा प्रभारी बनवारी मालवार, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मालवार और सभा वार्ड के नेतृत्व में टीमें प्रतिदिन घर-घर जाकर गणना पत्रक भर रही हैं।एकत्र किए गए सभी आंकड़ों को तुरंत ऐप पर ऑनलाइन दर्ज किया जा रहा है।

नगर के सभी 15 वार्डों में एक साथ सर्वे कार्य एक साथ संचालित हो रहा है। अधिकारियों के अनुसार, अब तक लगभग 30 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। निर्धारित लक्ष्य के अनुसार, पूरे नगर का "र 2025 सर्वे 4 दिसंबर तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

सर्वे टीमें सुबह से शाम तक लगातार वार्डों में पहुंचकर परिवारों से जानकारी एकत्र कर रही हैं और उसे तुरंत अपलोड कर रही हैं। यह प्रक्रिया सर्वे को पारदर्शी और सटीक बनाने के लिए अपनाई जा रही है।

नगर परिषद प्रशासन ने सभी नागरिकों से इस महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग की अपील की है, ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा कराया सुनिश्चित किया जा सके।

भूमि पूजन | चायत भवन का मंत्री टेटवाल ने भूमिपूजन किया

करोड़ों के विद्युत ग्रिड सहित भवन का मंत्री टेटवल ने भूमिपूजन किया

डीआर संवाददाता ▶▶ सारंगपुरमंडी रोड।

निर्माणकार्य का पूजिया निर्माण तथा लोकार्पण कर कानवासियों को सुविधाओं सौगात दी। सौ लागत स्वीकृत धारणाधिक आवश्यकता बने

भूमिकेति विकास और उत्साह को और मजबूत किया है। इस दौरान मंत्री टेटवाल ने कहा कि सरकार का लक्ष्य ग्रामीण जीवन को बेहतर कर परिवार को समृद्धि से जोड़ना है। आवश्यक किया कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य निरंतर जारी रहेंगे। ग्रामीण तरीके निवासी गोमाबाई और आत्मनिर्भरता कन्हेड़ी संकल्पों के साथ सेवकों प्रगतिशील दिशा देने सेवकों दाह है ताकि हर इन मजबूत हो, तब पर समृद्ध हो

कार्यक्रम में पंचायत में लोगों की जरूरत है और वे उन्हें अपने पास बुला लिए सकते हैं। एक ऐसे ही दुलर्भ बल्ब युप वाले स्वास्थ्यजोड़ जल्ल राजेश रावसेना उर्फ बबल का मंगलसेनानी थे।

कार्यक्रम में पंचायत में कुमार को राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने 57 लाख के निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं अतल ग्राम पंचायत का भूमिपूजन किया। इस दौरान पंडित राजकुमार शर्मा के द्वारा विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना कराई गई। राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विकास के लिए समग्र रूप से कार्य कर रही है।

सभी इलाकों का संपूर्ण विकास हो, लोगों को आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता हो, शुद्ध पेयजल स्वच्छ परिवेश आवागमन के लिए अच्छी सड़कों सहित अन्य कार्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल हैं। विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। ग्राम पंचायत क्षेत्र के चारों गांवों में जनपद पंचायत के माध्यम से स्टाप डेम की स्वीकृति का मांग पत्र भी मंत्री टेटवाल को सौंपा। जिस पर मंत्री गौतम टेटवाल ने सभी समस्याओं का निवारण करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर भाजपा नेता निर्मल जैन, जनपद अध्यक्ष देव नागर, सरपंच संघ प्रदेश अध्यक्ष गोपाल सिंह पंवार, मनोहर सिंह पंवार, जगदीश राजपूत, महेश गुर्जर, जनपद पंचायत सीईओ महेंद्र मोरिया, एसडीओ सिंह, सरपंच प्रतिनिधि सतीश आदि

,नाबालिग को पड़ोसी का रिश्तेदार युवक ले गयारूपुलिस ने

डीआर संवाददाता ▶▶ राजगढ़

अशोकनगर के देहात थाना क्षेत्र से लापता हुई एक नाबालिग किशोरी को पुलिस ने कुछ घंटों में ही बमुश्किल गांव से बरामद कर लिया है। किशोरी को पड़ोसी का रिश्तेदार बहला-फुसलाकर अपने गांव ले गया था, जहां उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के परिजनों ने मंगलवार देर शाम देहात थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी शौच जाने का कहकर घर से निकली थी और अचानक लापता हो गई।

लापते की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर देहात थाना प्रभारी भुवनेश शर्मा ने एक टीम गठित की और तत्काल तलाशी अभियान शुरू किया। पुलिस ने कुछ ही समय में पीड़िता किशोरी को बमुरिया गांव से ढूंढ निकाला। किशोरी को बहकाकर ले जाने वाले संदिग्ध अजय कोरी को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी अजय कोरी ने उसे शादी का झांसा देकर भगाया और फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस खुलासे के बाद, प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 98, 64(2) और पॉक्सो एक्ट की धारा 5(ग) जोड़ी गई। आरोपी अजय कोरी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी देहात उनि भुवनेश शर्मा, उनि सोनम माथुर, सउनि कमल सिंह पटेलिया, प्रआर नीरज रघुवंशी, सूरज शर्मा, दिनेश गर्ग, नेपालराजा बुन्देला और रश्मि शाक्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।